देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 290 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**रविवासरीय...**अफेयर की खबरों पर बोली फातिमा



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 29 दिसंबर 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 18.0⁰ | न्यूनतम 6.0⁰

41575.14

2 मौत की सजा को मुशर्रफ ने दी चुनौती

7 अगला धोनी जल्दी नहीं मिलेगा

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार एनआरसी के लिए बना रही है डिटेंशन कैंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। डिटेंशन सेंटरों को लेकर केंद्र सरकार और कांग्रेस के बीच वार–पलटवार का सिलसिला जारी है। डिटेंशन सेंटरों को लेकर कांग्रेस पर देश को गुमराह करने के बीजेपी के आरोपों पर पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को कहा कि यूपीए के समय में बने डिटेंशन कैंप का उद्देश्य अलग था जबकि आज ये एनआरसी को नजर में रखकर बनाए जा रहे हैं। बता दें कि बीजेपी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार के दौरान असम में डिटेंशन सेंटर बने थे और अब कांग्रेस देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

### हिंसा के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ और हज मंत्री मोहसिन रजा का कहना है कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ हुई हिंसा के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और बाबरी ऐक्शन कमेटी के लोग जिम्मेदार हैं। रजा ने कहा कि बाबरी ऐक्शन कमिटी और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के लोगों की दाल अब बीजेपी सरकार में नहीं गल रही है, इसलिए इन लोगों ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर हिंसा की साजिश रची।

### उग्रवादी सोच वाली पार्टियों से प्रतिस्पर्धा कर रही है कांग्रेसः रविशंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए नागरिकों के लिए नैशल रजिस्टर बनाने के विचार को मंजूरी दी थी और अब राजनीतिक कारणों से इससे दूरी बना रही है। यह कहना है देश के कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद का।

# मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी

## बोले– असम को नागपुर और आरएसएस के चड्डीवाले नहीं चलाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुवाहाटी। कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने नागरिकता कानून और एनआरसी को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। गुवाहाटी में राहुल ने केंद्र सरकार और आरएसएस पर तीखा तंज किया। उन्होंने कहा कि असम को नागपुर और आरएसएस के चड्डीवाले नहीं चलाएंगे। इसे असम की जनता चलाएगी। राहुल ने सीएए विरोधी प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में एक बार फिर नोटबंदी जैसा माहौल हो गया है। वहीं, लखनऊ में प्रियंका गांधी ने सीएए के मुद्दे पर मोदी सरकार को कायर करार दिया। गुवाहाटी में राहुल गांधी ने कहा, श्यह सब माहौल क्यों है? मैं



बताता हूं...इसलिए कि इनका (बीजेपी सरकार) लक्ष्य है कि असम की जनता को लड़ाओ... हिंदुस्तान की जनता को लड़ाओ। ये जहां भी जाते हैं वहां सिर्फ नफरत ही फैलाते हैं। लेकिन असम नफरत से आगे नहीं बढ़ेगा। गुस्से से आगे नहीं बढ़ेगा। यह प्यार से आगे बढ़ेगा।

### आपकी आवाज से डरते हैं, कुचलना चाहते हैं

केंद्र पर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा, पीएम मोदी ने नोटबंदी, जीएसटी को लाकर अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया। भारत माता को चोट पहुंचाई। उनका काम सिर्फ नफरत फैलाना है। पीएम मोदी बताएं कितने लोगों को रोजगार दिया। हमारे युवा भटक रहे हैं। अब असम में युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरे देश में यही माहौल। उन्हें गोली मारी जा रही है। जनता की आवाज को बीजेपी सुनना नहीं चाहती। आपकी आवाज से डरते हैं, कुचलना चाहते हैं। युवाओं को मारना चाहते हैं।

### गरीब का पैसा पूंजीपतियों के हवाले किया

राहुल ने आगे कहा, पीएम मोदी ने नोटबंदी को काले धन के खिलाफ लड़ाई बताया। आपको लाइन में खड़ा किया और 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपये 15–20 पूंजीपतियों के हवाले कर दिए। उनका करोड़ों का कर्ज माफ किया, किसानों का कितना कर्ज माफ किया बताएं। असम के लोगों से एक होने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने कहा, आप सबको एक होना होगा। बीजेपी नेताओं को बताना पड़ेगा कि आप हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास पर आक्रमण नहीं कर सकते। हम सब एक हैं और साथ मिलकर रहेंगे।

### प्रियंका गांधी ने लगाया बदसलूकी का आरोप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को नागरिकता संशोधन कानून के बाद उपजी हिंसा को भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किए गए पूर्व आईपीएस एस.आर. दारापुरी के परिजन से मुलाकात की। इस दौरान कुछ देर के लिए प्रियंका को पुलिस ने रोक लिया था। प्रियंका ने पुलिस पर गला दबाने और धक्का देकर गिराने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रियंका ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, रास्ते में पुलिस की गाड़ी अचानक आगे आई और रोक लिया। पुलिस ने कहा कि जाने नहीं देंगे।

# रेकॉर्डतोड़ ठंड से थमा उत्तर भारत

## –20, –11, –4 डिग्री...पारा यहां नए रेकॉर्ड बना रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर भारत में रेकॉर्डतोड़ ठंड ने जनजीवन को थाम दिया है। लद्दाख की द्रास घाटी से लेकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत पूरा उत्तर भारत ही शीत लहर की चपेट में है। पारा यहां नए रेकॉर्ड बना रहा है। दुनिया के दूसरे सबसे सर्द रिहायशी इलाके द्रास में पारा –20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में शनिवार को यह 1.7 तक चला गया।

राजस्थान के शेखावटी में न्यूनतम तापमान –4 डिग्री दर्ज किया गया है। दिसंबर से अब तक 8 कोल्ड डे और 7 सीवियर कोल्ड डे रेकॉर्ड हो चुके हैं। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार कोल्ड डे तब होता है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री कम हो जाए। दूसरा सीवियर कोल्ड डे वह होता है। जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री सेल्सियस कम होता है।

**अभी छुटकारा नहीं:** भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक बहुत ज्यादा ठंड रहेगी। उसके दो दिनों बाद यानी 30 दिसंबर से कुछ इलाकों में ठंड घट सकती है। अगले तीन दिनों तक इन इलाकों में घना कोहरा रहने की भी संभावना है। मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, सिक्किम और ओडिशा भी अगले दो दिनों तक घने कोहरे की चपेट में रह सकते हैं जबकि 30 दिसंबर के बाद अगले 4–5 दिनों तक उत्तर–पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छा सकता है।

**टूट रहे रेकार्डः** दिल्ली की ठंड सबसे लंबी शीतलहर के रेकॉर्ड को तोड़ चुकी है। इस बार लगातार 14 दिनों से शीतलहर जारी है। 1997 के दिसंबर महीने में लगातार 13 दिन की शीतलहर चली थी



जबकि पूरे महीने में कुल 17 दिन शीतलहर का प्रकोप रहा था। 1901 से 2018 तक सिर्फ चार मौकों पर दिसंबर का अधिकतम औसत तापमान 20 डिग्री से नीचे गया है। इस साल यह 26 दिसंबर तक 19.85 डिग्री है, जबकि 31 दिसंबर तक यह महज 19.15 डिग्री ही रह सकता है। शीत लहर का यह प्रकोप अभी 30 दिसंबर तक बना रहेगा।

**यातायात प्रभावितः** ठंड का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। ट्रेन लेट हैं और फ्लाइट्स का रूट डायवर्ट किया गया। अब तक की जानकारी के मुताबिक, दिल्ली एयरपोर्ट पर कम दृश्यता के कारण चार उड़ानों की दिशा बदली जा चुकी है।

वहीं, देशभर में 194 ट्रेनें देरी से चल रही हैं जबकि 71 ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने पड़े हैं।

# 3 तलाक पीड़ितों को योगी तोहफा!

## नए साल से मिलेगी 6000 रुपये की सालाना पेंशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी सरकार ने प्रदेश की तीन तलाक पीड़िताओं को अगले साल से पेंशन देने का फैसला किया है। इसके तहत पीड़िताओं को 6000 रुपये की सालाना पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। सरकार ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की अगली बैठक में रखा जाएगा। लाभ पाने के लिए किसी तरह की कोई अधिकतम आयसीमा नहीं रखी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की एफआईआर या फैमिली कोर्ट में भरण–पोषण का मुकदमा ही इसका आधार होगा। इसके लिए सरकार ने प्रदेश की तीन तलाक से पीड़ित 5 हजार महिलाओं की पहचान की है। पहले चरण में इन महिलाओं को लाभ दिया जाएगा।

तीन तलाक को अपराध घोषित करने के बाद सीएम योगी ने पीड़ित महिलाओं की मदद का ऐलान किया था। इसमें कहा गया था कि जिन महिलाओं के पतियों ने उन्हें छोड़ दिया है, उन्हें हर साल 6,000 रुपये अनुदान दिया जाएगा। जब तक इंसाफ नहीं हो जाता तब तक सरकार यह धनराशि देगी। योगी ने आगे यह भी कहा था कि एक शादी करके दूसरी पत्नी रखने वाले हिंदू पति भी पर कार्रवाई की जाएगी।

# 3–4 मौतें रोज होती हैं, यह नई बात नहीं

## सीएम अशोक गहलोत ने असंवेदनशील बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान के कोटा में दस नवजात बच्च्चों की अचानक हुई मौत मामले पर प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत ने बड़ा असंवेदनशील बयान दिया है। मीडिया से बात करते हुए शनिवार को उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर अस्पताल में हर रोज 3–4 मौतें होती हैं। यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि इस साल पिछले 6 सालों के मुकाबले सबसे कम मौतें हुई हैं।

मीडियाकर्मियों ने सीएम से पूछा था कि अस्पताल में बच्चों की जानें गई हैं, तो इसकी भरपाई कौन करेगा। इस पर जवाब देते हुए गहलोत ने कहा कि उनके पास आंकड़ें हैं कि बीते 6 सालों में इस साल सबसे कम जानें गई हैं। उन्होंने दावा किया कि इस साल केवल 900 मौतें हुई हैं। सीएम ने कहा कि एक भी बच्चे की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन मौतें 1400 भी हुई हैं, 1500 भी हुई हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in